प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले में झारखंड समेत देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को सौपा नियुक्ति पत्र, कहा–युवाओं के लिए बन रहे हैं लाखों रोजगार के अवसर।**

2. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी रांची के आधा दर्जन से अधिक नये इलाकों में पाइपलाइन से पीएनजी आपूर्ति शुरू करने का दिया निर्देश।**

3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 25 मई से सभी विभागों की करेंगे समीक्षा, बजट की घोषणाओं पर भी होगी चर्चा।**

4. **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इबोला वायरस को लेकर झारखंड समेत सभी राज्यों को निगरानी का दिया निर्देश, भारत में अबतक नहीं मिला है इबोला का केस।**

और

5. **नेशनल रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन झारखंड के रूद्रांश शर्मा ने पांच सौ प्लस डी इवेंट में जीता स्वर्ण पदक।**

और अब समाचार विस्तार से

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झारखंड समेत देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि भारत विभिन्न देशों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को रोजगार और वैश्विक अनुभव प्रदान करना है। दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है।

****

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में रोजगार मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान 88 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कौशल विकास योजना के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इधर रांची में कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल ऑडिटोरियम में किया किया गया, जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में बैठक कर मोरहाबादी, लालपुर, धुर्वा, हेहल, एचईसी क्षेत्र और बीआईटी मेसरा समेत आधा दर्जन से अधिक नए इलाकों में जल्द पीएनजी आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स गठित कर युद्धस्तर पर कनेक्शन दिए जाएं ताकि अधिक से अधिक घरों को पाइपलाइन से सस्ती और पर्यावरण अनुकूल गैस मिले। इस दौरान मंत्री ने तंग मोहल्लों में आग बुझाने के लिए दो फायर बाइक का भी उद्घाटन किया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 25 मई से 11 जून तक रांची में सभी विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इन मैराथन बैठकों में सभी प्रमुख विभागों के कार्यों का मूल्यांकन और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने पर जोर रहेगा, साथ ही बजट घोषणाओं पर भी चर्चा होगी। 25 मई को जल संसाधन, वित्त और वाणिज्य–कर विभाग से शुरुआत होगी और 11 जून को परिवहन, राजस्व, निबंधन, भू–सुधार और विधि विभाग की समीक्षा के साथ यह अभियान समाप्त होगा।

****

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कल रांची के रातू में पौने दो करोड़ की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जर्जर सड़कों से बरसात में कीचड़ और गर्मी में धूल की समस्या थी, नई सड़कों से किसानों को मंडी, छात्रों को स्कूल और मरीजों को अस्पताल पहुंचने में आसानी होगी।

****

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज 91 पैसे प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है। पिछले 10 दिन में तेल के मूल्यों में तीसरी बार वृद्धि हुई है। 15 मई को 3 रुपये प्रति लीटर और 19 मई को 90 पैसे की वृद्धि के बाद ईंधन की कीमतों में यह तीसरी बार संशोधन है।

आज की वृद्धि के बाद रांची में पेट्रोल की कीमत एक सौ दो रुपये तिरसठ पैसे और डीजल की कीमत संतानबे रुपये छियासठ पैसे हो गई है।

****

राज्यसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही झारखंड की सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। श्रीमरांडी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

बता दें कि झारखंड की दो सीटों परे 18 जून को मतदान होना है। रांची के खिजरी से कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा है कि गठबंधन सरकार में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और पार्टी को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने जीएसटी में राज्य का हिस्सा नहीं मिलने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

****

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इबोला वायरस को लेकर झारखंड समेत सभी राज्यों को निगरानी और रोकथाम के सख्त दिशा–निर्देश जारी किए हैं, हालांकि भारत में अब तक कोई मामला नहीं मिला है। झारखंड में केंद्र के निर्देश पर तैयारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही सभी सिविल सर्जन को अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने व अन्य एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने को कहा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने समन्वित निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग और चिन्हित स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों पर विशेष जोर दिया है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोल्हान प्रमंडल में लू लगने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक हीट वेव को लेकर लोगों से सतर्क रहने और धूप से बचाव की अपील की है।

****

11वीं नेशनल रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन झारखंड के रुद्रांश शर्मा ने 500 प्लस डी इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। रुद्रांश शर्मा की इस लगातार दूसरी स्वर्णिम सफलता पर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड में खुशी की लहर है।

*********समाप्त*************